उधारकर्ता/जमानतकर्ता/बंधककर्ता-श्रीमती संगीता शर्मा पत्नी श्री प्रदीप शर्मा, द्वारा इनके (स्वर्गीय संगीता शर्मा पत्नी श्री प्रदीप शर्मा के) कानूनी उत्तराधिकारी: 1. श्री शानू, 2. श्री ऋषभ दोनों निवासी: (1.) फ्लैट नंबर 3 म.नं. 15, तृतीय तल गुरुद्वारा पेपर मिल कॉलोनी लखनऊ यूपी 226004। (2) निवासी: मकान नं. 13/1/16 सेक्टर-13 विकास नगर लखनऊ (3) ईडी सेक्टर ए-35 कपूरथला अलीगंज लखनऊ। **जमानतकर्ता-श्री अशोक कुमार त्रिपाठी** निवासी डी-1/248, सेक्टर-एफ रिंग रोड निकट इंजीनियरिंग कॉलेज जानकीपुरम लखनऊ। खाता संख्या 873500NC00000077 और 8735009900000025 **शाखा: मामा चौराहा, लखनऊ (873500)**	सभी भाग एवं हिस्सों सहित मकान नं.-13/1/16, सेक्टर-13 विकास नगर लखनऊ क्षेत्र: 167.62 वर्गमीटर जोकि श्रीमती संगीता शर्मा के नाम पर है। विलेख के अनुसार चौहददी: उत्तर-मकान स.- 13/1/15, दक्षिण-मकान स.- 13/1/17 पूर्व-मकान स.- 13/1/30, पश्चिम-15 मीटर चौड़ी सड़क	02-08-2022	दि. 31.07.2022 को रू. 20,78,225.00 (रूपये बीस लाख अठात्तर हजार दो सौ पच्चीस मात्र) सहित ब्याज एवं अन्य खर्चे

आप को सलाह दी जाती है। कि – (1) मूल नोटिस/लिफाफा जो आपको सम्बोधित है तथा डाक अधिकारियों द्वारा वापस की गई है, को शाखा से प्राप्त कर लें एवं (2) सरफेसी एक्ट 2002 के अन्तर्गत कार्यवाही से बचने के लिए नोटिस जारी होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण बकाया धनराशि ब्याज एवं अन्य खर्चे सहित का भुगतान कर दें।

दिनांक 02.09.2022, स्थान: लखनऊ — प्राधिकृत अधिकारी

पंजाब नैशनल बैंक ... भरोसे का प्रतीक !
सस्त्र सेन्टर, क्षेत्रीय कार्यालय : बरेली
सी-18/बी, प्रथम तल, डी.डी. पुरम, बरेली
Ph: 0581-2520446 (Fax)
E-mail : cs8194@pnb.co.in

कब्जा धारण की सूचना

अधोहस्ताक्षरी जो कि पंजाब नैशनल बैंक ने सरफेसी एक्ट 2002 के अंतर्गत प्राधि त अधिकारी है ने धारा 13(2) जिसे सिक्योरिटी इंट्रैस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पढ़ा जाये, में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए माँग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को माँग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान नोटिस की दिनांक सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था भुगतान करने में असमर्थ रहने के कारण ऋणी/मोर्टगेजर तथा सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उपरोक्त एक्ट की धारा 13 (4) जिसे इंफोर्समैंट नियम 8 के साथ पढ़ा जाये में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निम्न वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा दिनांक 27, 28 अप्रैल एवं 2 मई 2022 को प्राप्त कर लिया है ऋणी व मोर्टगेजर को विशिष्ट रूप से तथा सामान्य रूप से सतर्क किया जाता है कि निम्न सम्पत्तियों का सौदा न करें तथा सम्पत्ति के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार/लेन-देन पंजाब नैशनल बैंक की सम्बन्धित शाखा की ऋण राशि, ब्याज एवं अन्य व्यय के भार के आधीन होगा। **जिन सम्पत्तियों पर कब्जा किया गया उनका विवरण इस प्रकार है**

क्र. सं.	ऋणी खाते का नाम व पता गारन्टर का नाम व पता शाखा का नाम	धारा 13 (2) के अंतर्गत बकाया राशि एवं मांग सूचना दिनांक	गिरवी रखी अचल सम्पत्तियों का विवरण
1.	**ऋणी :** श्री यशदीप पाण्डेय पुत्र श्री रविकान्त पाण्डेय एवं श्रीमती मिथलेश पाण्डेय पत्नी श्री रविकान्त पाण्डेय **गारन्टर :** श्री धर्मेन्द्र मौर्य पुत्र श्री सोनपाल मौर्य **पीएनबी, घूरान तलैय्या, शाहजहाँपुर**	**रू. 35,12,369/-** + दिनांक 01.05.2022 से ब्याज एवं अन्य खर्चे **सूचना दिनांक 25.05.2022 एवं प्रतिकात्मक दिनांक 01.09.2022**	आवासीय मकान के साम्यिक बन्धक गाटा सं. 28 क्षेत्रफल 92.94 वर्ग मी. श्री यशदीप पाण्डेय पुत्र श्री रविकान्त पाण्डेय के नाम स्थित ग्राम चिनौर, पर. व तह. सदर जिला, शाहजहाँपुर बिक्री विलेख के अनुसार बुक सं. 01, वाल्यू सं. 10060, पेज नं. 325 से 368, क्रम सं. 4676, दिनांक 27.04.2016 को उप रजिस्ट्रार सदर से पंजीकृत **चौहद्दी : पूरब** - नव खरीददार राजेश वर्मा, **पश्चिम** - शेष आराजी विक्रेता, **उत्तर**- रास्ता कच्चा 18फिट चौड़ा, **दक्षिण** - रास्ता कच्चा 18फिट चौड़ा
2.	**ऋणी : मैसर्स अमन ट्रेडर्स प्रोपराइटर :** श्री अशरफ अली पुत्र श्री अख्तर अली **गारन्टर :** श्री अख्तर अली पुत्र श्री अहमद अली, श्री मो. सलीम पुत्र श्री इकरार अहमद एवं श्री मो. कलीम पुत्र श्री नसीम **पीएनबी, घूरान तलैय्या, शाहजहाँपुर**	**रू.35,14,593.42/-** + दिनांक 01.05.2022 से ब्याज एवं अन्य खर्चे **सूचना दिनांक 26.05.2022 एवं प्रतिकात्मक दिनांक 01.09.2022**	1. आवासीय प्लाट के साम्यिक बन्धक क्षेत्रफल 278.32 वर्ग मी. श्री अशरफ अली पुत्र श्री अख्तर अली के नाम स्थित ग्राम नगरिया बहाव पर. व तह. सदर, जिला शाहजहाँपुर बिक्री विलेख के अनुसार बुक सं. 01, खण्ड सं. 9731, पेज नं. 69 से 104, क्रम सं. 13828, दिनांक 26.10.2015 को उप रजिस्ट्रार सदर से पंजीकृत **चौहद्दी : पूरब** - (बिकी हुई) आराजी आसिफ खान वाली, **पश्चिम** - (बिकी हुई) आराजी आसिफ खान वाली, **उत्तर**- (बिकी हुई) आराजी आसिफ खान वाली, **दक्षिण** - कच्चा रास्ता 2. आवासीय प्लाट के साम्यिक बन्धक क्षेत्रफल 190.64 वर्ग मी. श्री अख्तर अली पुत्र श्री अहमद अली के नाम स्थित जई जलालनगर, तह. सदर, जिला शाहजहाँपुर बिक्री विलेख के अनुसार बुक सं. 01, खण्ड सं. 3335, पेज नं. 257 से 270, क्रम सं. 2977, दिनांक 01.05.2004 को उप रजिस्ट्रार सदर से पंजीकृत **चौहद्दी : पूरब** - नत्थू खान का मकान, **पश्चिम** - आराजी एवं हिग्गू खान का मकान, **उत्तर**-खण्डजा रास्ता, **दक्षिण** - मकान एवं आराजी रामधुन 3. आवासीय सम्पत्ति के साम्यिक बन्धक खसरा सं. 467 का भाग क्षेत्रफल 98.14 वर्ग मी. श्री मो. कलीम पुत्र श्री मो. नसीम एवं श्री मो. सलीम पुत्र श्री इकरार अहमद के नाम स्थित ग्राम सतवान बुजुर्ग पर. व तह. सदर, जिला शाहजहाँपुर बिक्री विलेख के अनुसार बुक सं. 01, खण्ड सं. 8658, पेज नं. 87 से 110, क्रम सं. 2672, दिनांक 26.02.2014 को उप रजिस्ट्रार सदर से पंजीकृत **चौहद्दी : पूरब** - प्रसादी एवं अन्य का मकान, **पश्चिम** - 20फिट कच्चा रास्ता, **उत्तर**- आराजी सईद खान, **दक्षिण** - आराजी सईद खान
4.	**ऋणी : मैसर्स स्काई प्रिन्टर्स प्रोपराइटर/बन्धककर्ता :** श्री फहीम अहमद पुत्र श्री नईम अहमद **गारन्टर :** श्री मो. असलम पुत्र श्री इमरान अली, श्री बजरंग लाल जांगिड़ पुत्र श्री सियो करन जांगिड़, श्री निशहत अहमद पुत्र श्री नईम अहमद **पीएनबी, शाहजहाँपुर(यू.पी.)**	**रू.14,92,364.50/-** + दिनांक 01.02.2022 से ब्याज एवं अन्य खर्चे **सूचना दिनांक 07.02.2022 एवं प्रतिकात्मक दिनांक 31.08.2022**	आवासीय मकान/प्लाट के साम्यिक बन्धक क्षेत्रफल 152.54 वर्ग मी. श्री फहीम अहमद पुत्र नईम अहमद के नाम स्थित मोहल्ला सिंजई, तह. सदर, जिला शाहजहाँपुर बिक्री विलेख के अनुसार बुक सं. 01, जिल्द सं. 7693, पेज नं. 93 से 130, क्रम सं. 9108, दिनांक 22.08.2012 को उप रजिस्ट्रार सदर, शाहजहाँपुर से पंजीकृत **चौहद्दी : पूरब** - नाले के बाद पक्का रास्ता, **पश्चिम** - वारिसान अमीर हसन का मकान, **उत्तर**- नत्थू वाला का मकान एवं हवलदार पाल एवं रमेश पाल, **दक्षिण** - वारिसान हरद्वारी लाल का मकान एवं हवलदार आदि

नोट : किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए अंग्रेजी में प्रकाशित अंग्रेजी के विज्ञापन को वरीयता दी जायेगी
दिनांक : 3.09.2022 — स्थान : बरेली — प्राधिकृत अधिकारी

केनरा बैंक Canara Bank
सी-34, 3सरा तल, डीडीए शॉपिंग कॉम्प्लैक्स, मूलचन्द अस्पताल के सामने, लाजपत नगर, दिल्ली-24
ई-मेल : cb19208@canarabank.com
दूरभाष : 011-79676467

बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारक(कों) तथा गारन्टर(रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडीटर के पास गिरवी रखी गई/चार्ज्ड नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका केनरा बैंक की दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन (सैम) शाखा, सी-34, 3सरा तल, डीडीए ऑफिस-सह-शॉपिंग कॉम्प्लैक्स, मूलचन्द अस्पताल के सामने, नई दिल्ली-1100024 के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा किया गया है, केनरा बैंक की सैम शाखा के मैसर्स यूनाइटेड कोल्ड चेन एण्ड फूड प्रोसेसिंग लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय : सी-88, न्यू फ्रूट मार्केट, आजादपुर, दिल्ली-110033, जमानती : श्री अभिनव जग्गी, श्री पवन जग्गी, श्रीमती ज्योति जग्गी से मैसर्स यूनाइटेड कोल्ड चेन एण्ड फूड प्रोसेसिंग लिमिटेड को स्वीकृत ऋण रु. 104,36,83,439 (रुपये एक सौ चार करोड़ छत्तीस लाख तिरासी हजार चार सौ उनतालीस मात्र) तथा 01.10.2017 से ब्याज एवं लागतों की वसूली के लिये 27.09.2022 को "जैसा है जहाँ है", "जो भी जैसा है" तथा "जो कुछ भी वहाँ है" आधार पर बिक्री की जायेगी।

1. ज्ञात ऋणभारों, यदि कोई, सहित अचल सम्पत्ति का विवरण तथा पूर्ण मसौदा : औद्योगिक सम्पत्ति किला सं. 95/14 एवं 17, जंती कुलान रोड, ग्राम कुंडली, सोनीपत (हरियाणा) के क्षेत्र में स्थित, माप 8468.17 वर्ग गज, मैसर्स यूनाइटेड कोल्ड चेन एण्ड फूड प्रोसेसिंग के नाम पर।

चौहद्दी:
पूर्व: अन्य खाली प्लॉट, पश्चिम: 60 फीट चौड़ी एचएसआईआईडीसी रोड
उत्तर: मैसर्स ओसराम लाइट फैक्ट्री दक्षिण: जंती कुलान रोड

सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य रु. 25,00,00,000/- (रुपये पच्चीस करोड़ मात्र) तथा जमा धरोहर राशि रु. 2,50,00,000/- (रुपये दो करोड़ पचास लाख मात्र) होगी।
बैंक की जानकारी के अनुसार उपर्युक्त सम्पत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है।
स्थानीय स्वशासन का बकाया देय (सम्पत्ति कर, पानी सीवरेज, बिजली बिल आदि : बैंक के संज्ञान में नहीं)

2. संयन्त्र तथा मशीनरी का पूर्ण विवरण :
किला सं. 95/14 एवं 17(6-13), जंती कुलान रोड, ग्राम कुंडली, सोनीपत (हरियाणा) के क्षेत्र में स्थित भूमि पर संयन्त्र तथा मशीनरी, माप 8468.17 वर्ग गज, मैसर्स यूनाइटेड कोल्ड चेन एण्ड फूड प्रोसेसिंग के नाम पर ।
मशीनरी के लिये आरक्षित मूल्य रु. 83,00,000/- (रुपये तिरासी लाख मात्र) तथा धरोहर राशि भुगतान रु. 8,30,000/- (रुपये आठ लाख तीस हजार मात्र) है।
बैंक की जानकारी के अनुसार उपर्युक्त सम्पत्ति पर कोई ऋणभार/बकाया नहीं है।
नोट : सम्पत्ति तथा मशीनरी एक साथ बेची जायेगी।
जमा धरोहर राशि 23.09.2022 को 5.00 बजे अप. तक जमा की जायेगी। सम्पत्ति का निरीक्षण 20.09.2022 को 11.30 बजे पूर्वा. से 3.30 बजे अप. तक अधिकृत प्राधिकारी की पूर्व अनुमति लेकर किया जा सकता है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट (https://www.canarabank.com) तथा सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://indianbankseauction.com में प्रावधानित लिंक "ई-ऑक्शन" का सन्दर्भ लें या अधिकृत प्राधिकारी, केनरा बैंक, सैम शाखा, सी-34, IIIरा तल, डीडीए शॉपिंग कॉम्प्लैक्स, मूलचन्द अस्पताल के सामने, लाजपत नगर, नई दिल्ली-1100024, दूरभाष नं. 011-79676467, 9653220988, 8979872232 से किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय घण्टों के दौरान सम्पर्क करें।

तिथि : 2 सितम्बर, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: नई दिल्ली — केनरा बैंक

LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD
एलआईसी हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: बॉम्बे लाईफ बिल्डिंग, दूसरा तल, 45/47, वीर नरीमन रोड, मुम्बई-400001
बेक ऑफिस: लक्ष्मी इंश्योरेंस बिल्डिंग, ऑसफ अली रोड, नई दिल्ली-110002 सीआईएन: L65922MH1989PLC052257

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए) [नियम 8(1) देखें]

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित (द्वितीय) अध्यादेश, 2002 (2002 का अध्यादेश 3) के प्रवर्तन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए **एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** ने लेखाओं के अधीन वर्णित राशि को कथित सूचना की तिथि से साठ दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने के लिए एक मांग सूचना जारी की। कथित कर्जदार राशि का भुगतान करने में असफल रहे इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियम के नियम-9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत अधिकारों का उपयोग करते हुए प्रत्येक खाते के सम्मुख तिथि को नीचे वर्णित सम्पत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया है। विशेषकर कर्जदारों और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित सम्पत्ति के साथ कोई भी लेनदेन न करें और सम्पत्ति का कोई भी लेनदेन **एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के प्रभार और उस पर आगे ब्याज के भुगतान के अधीन होगा। **जिस सम्पत्ति का कब्जा लिया गया है उसका विवरण निम्नानुसार है:**

अचल सम्पत्ति का विवरण

क्र. सं.	कर्जदार एवं गारंटर का नाम	बंधक/चार्ज्ड संपत्ति का विवरण	माँग सूचना की तिथि	कब्जा की तिथि	13(2) सूचना के अनुसार बकाया राशि
1.	आवेदक: मिस अरूणा दास (ऋण खाता सं.14011051533)	प्लॉट नं. डी-21, दूसरी मंजिल, अशोका एन्क्लेव, पार्ट-1, फरीदाबाद, हरियाणा से युक्त सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से। क्षेत्रफल 615 वर्ग फीट। निम्नानुसार घिरा है:- उत्तर: सड़क दक्षिण: अन्य की भूमि पूर्व: प्लॉट नं. डी 20 पश्चिम: प्लॉट नं. डी 22	30.05.2022	01.09.2022	रू.4,94,038.21 (चार लाख चौरानबे हजार अड़तीस रूपये एवं इक्कीस पैसे मात्र) प्लस उस पर ब्याज एवं अन्य शुल्क

कर्जदार का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के विमोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है
दिनांक: 01/09/2022 स्थान: फरीदाबाद — प्राधिकृत अधिकारी, एलआईसी हाऊसिंग फाइनेंस लि.

पंजाब नैशनल बैंक .....भरोसे का प्रतीक
मण्डल शस्त्रा, गाजियाबाद,
केजे-13, कविनगर, गाजियाबाद - 201001,
मोन : 8283810870, 9971720088,
ई-मेल: cs8228@pnb.co.in

शुद्धि पत्र

दिनांक **12.08.2022** को इस समाचार पत्र (जनसत्ता) में छपे विज्ञापन ई-नीलामी सूचना के संदर्भ में आम जनता को विशेष रूप से उधारकर्ता को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती मीनाक्षी सक्सेना एवं श्री अमिताभ प्रकाश सक्सेना (क्र.सं. 1) और श्री सुखदेव राव पुत्र श्री विट्ठल राव (क्र.सं. 2)** की सम्पत्तियों की ई-नीलामी की तिथि 20.09.2002 के स्थान पर संशोधित ई-नीलामी की तिथि **20.09.2022** पढ़ा जाऐ। शेष खाते / विवरण पूर्वानुसार रहेंगी।

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

पंजाब नैशनल बैंक .....भरोसे का प्रतीक
मण्डल शस्त्रा केन्द्र, पश्चिमी दिल्ली,
9/90, प्रथम तल, पी-ब्लॉक, कर्नोट सर्कस,
नई दिल्ली 110001

शुद्धिपत्र

दिनांक 10.08.2022 को इस समाचार पत्र में छपे विज्ञापन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस में शाखा करमपुरा शाखा के कर्जदार **मैसर्स केमरी फुटवियर इंडिया (क्र.सं. 1), की सम्पत्ति प्रथम तल, ए-1/155 पश्चिम विहार, नई दिल्ली में स्थित के संदर्भ में आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह सम्पत्तियां अब बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं हैं।**
इन संपत्तियों को बैंक ने 16.09.2022 को होने वाली ई-नीलामी प्रक्रिया से वापस ले लिया है
शेष अन्य खाते/विवरण पूर्वानुसार रहेंगी।

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

पंजाब नैशनल बैंक .....भरोसे का प्रतीक
मण्डल शस्त्रा केन्द्र, पश्चिमी दिल्ली,
9/90, प्रथम तल, पी-ब्लॉक, कर्नोट सर्कस,
नई दिल्ली 110001

शुद्धिपत्र

दिनांक 24.08.2022 को इस समाचार पत्र में छपे विज्ञापन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस में शाखा ओल्ड राजिंदर नगर के कर्जदार **मैसर्स एन.वी टेक्सटाइल्स (क्र.सं. 5), की सम्पत्ति म्युनिसिपल नं. 11830, भूतल, खसरा नं. 3712/2529, प्लॉट नं. 11, ब्लॉक 2-ए, बस्ती रैघर, सत नगर, करोल बाग, दिल्ली-110005 में स्थित के संदर्भ में आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह सम्पत्तियां अब बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं हैं।**
इन संपत्तियों को बैंक ने 16.09.2022 को होने वाली ई-नीलामी प्रक्रिया से वापस ले लिया है
शेष अन्य खाते/विवरण पूर्वानुसार रहेंगी।

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम
सिंडिकेट Syndicate

सामान्य प्रशासन अनुभाग,
क्षेत्रीय कार्यालय, सी-2, प्रथम तल,
महालक्ष्मी मॉल, क्षेत्रीय कार्यालय, गाजियाबाद

खबर कोना



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एक जिले में बाढ़ की वजह से घर छोड़कर आई एक महिला रैनबसेरे में अपने बच्चों के साथ।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद की दौड़ अंतिम चरण में

लंदन, 2 सितंबर (भाषा)।

कंजर्वेटिव पार्टी के नेता और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद के लिए पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक और विदेश मंत्री लिज ट्रस के बीच दौड़ शुक्रवार को अंतिम चरण में है। जिसमें पार्टी के सदस्य अपने पसंदीदा उम्मीदवार के चुनाव के लिए अंतिम रूप से मतदान करेंगे। सुनक (42) और ट्रस (47) कंजर्वेटिव पार्टी के लगभग 1,60,000 सदस्यों के मत पाने और उन्हें प्रभावित करने के लिए कई बार आमने-सामने की बहस कर चुके हैं। भारतीय मूल के पूर्व मंत्री ने अपने अभियान में तत्काल प्राथमिकता के रूप में बढ़ती मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने की बात कही है। वहीं, विदेश मंत्री ट्रस ने वादा किया है कि यदि वह प्रधानमंत्री चुनी जाती हैं तो कार्यभार संभालने के पहले दिन से ही करों में कटौती करने का आदेश जारी करेंगी। सुनक अंतिम दो उम्मीदवार चुनने के लिए पार्टी के सांसदों द्वारा किए गए मतदान में जहां ट्रस से आगे थे।

डोनाल्ड ट्रंप और उनके समर्थक लोकतंत्र के लिए खतरा : बाइडेन

वाशिंगटन, 2 सितंबर (भाषा)।

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव से पहले राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वह और उनके समर्थक अमेरिकी लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। बाइडेन ने अमेरिकियों से उन चरमपंथियों का सामना करने का आह्वान किया, जो सत्ता की चाह में राजनीतिक हिंसा की लपटों को हवा देते हैं। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव नवंबर में होने हैं। गुरुवार को फिलाडेल्फिया में अपने संबोधन में बाइडेन ने कहा कि आज समानता और लोकतंत्र खतरे में है।

यूक्रेन के परमाणु संयंत्र के पास लड़ाई जारी

जपोरिज्जिया (यूक्रेन), 2 सितंबर (एपी)।

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी के विशेषज्ञों द्वारा विशाल संरचनात्मक क्षति को लेकर चिंता व्यक्त किए जाने के एक दिन बाद पूर्वी यूक्रेन के रूस-नियंत्रित क्षेत्र में यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास शुक्रवार को भीषण लड़ाई जारी रही। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जिस जिले में जपोरिज्जिया परमाणु संयंत्र है, वहां गोलाबारी जारी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति के कार्यालय ने कहा कि रूस की गोलाबारी में नीपर नदी के दूसरे तट पर निकोपोल क्षेत्र में घर, गैस पाइपलाइन और अन्य बुनियादी ढांचे नष्ट हो गए। आइएईए के निरीक्षकों की टीम मार्ग में गोलाबारी के बीच संयंत्र की सुरक्षा में मदद करने के लिए गुरुवार को जपोरिज्जिया संयंत्र तक पहुंचने के लिए सीमा रेखा को पार कर गई।

मुरुग मठ के महंत को पांच सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

चित्रदुर्ग/बेंगलुरु, 2 सितंबर (भाषा)।

कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित मुरुग मठ के महंत शिवमूर्ति मुरुग शरणारु को दो नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के मामले में शुक्रवार को, पांच सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। महंत को बृहस्पतिवार रात को गिरफ्तार किया गया था और बाद में जेल में उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया था। इस मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि महंत पर लगे आरोप 'गंभीर' हैं। आरोपी को शुक्रवार को एक अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने पांच दिन की हिरासत की मांग की। महंत ने भगवा कपड़ों के ऊपर सफेद वस्त्र पहना था और उन्हें अदालत में वीलचेयर पर लाया गया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

शुक्रवार को दोपहर की नमाज के समय हुआ विस्फोट

अफगानिस्तान : हेरात शहर की मस्जिद में धमाका, 18 की मौत

हेरात, 2 सितंबर (एपी)।

उत्तरी अफगानिस्तान के हेरात शहर में शुक्रवार को एक मस्जिद में धमाका हुआ। इस धमाके में एक प्रमुख मौलवी समेत कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई जबकि 21 अन्य घायल हो गए।

तालिबान के अधिकारियों ने इस बाबत जानकारी देते हुए बताया कि हेरात शहर की गुजारगाह मस्जिद में शुक्रवार दोपहर की नमाज के समय यह विस्फोट हुआ। गौरतलब है कि जुमे की नमाज के दौरान आमतौर पर अधिक भीड़ होती है। इस विस्फोट में मुजीब-उल रहमान अंसारी की भी मौत हो गई, जो एक प्रमुख मौलवी थे। पिछले दो दशकों में अफगानिस्तान की पश्चिम-समर्थित सरकारों की आलोचना के लिए अंसारी को पूरे अफगानिस्तान में पहचाना जाता था। अंसारी को तालिबान का करीबी समझा जाता है, जिसने विदेशी बलों के वापस जाने के बाद पिछले साल देश की सत्ता पर नियंत्रण हासिल किया था। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने धमाके में अंसारी की मौत की पुष्टि की है। वहीं एक हेरात एंबुलेंस सेंटर के एक अधिकारी मोहम्मद दाउद मोहम्मदी ने कहा कि एंबुलेंस से 18 मृत और 21 घायलों को अस्पताल लाया गया है। शुक्रवार के इस धमाके की अब तक किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है।



तालिबान के अधिकारियों ने बताया कि हेरात शहर की गुजारगाह मस्जिद में शुक्रवार दोपहर की नमाज के समय यह विस्फोट हुआ। *हादसे* में मुजीब-उल रहमान अंसारी की भी मौत हो गई, जो एक प्रमुख मौलवी थे।

सू की को तीन साल की सजा

बैंकाक, 2 सितंबर (एपी)।

म्यांमा की एक अदालत ने शुक्रवार को देश की अपदस्थ नेता आंग सान सू की को चुनावी धोखाधड़ी में संलिप्तता का दोषी करार देते हुए उन्हें तीन साल कैद की सजा सुनाई। सैन्य शासित देश में सू की को पहले ही कई अन्य मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है और 17 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। ऐसे में इस सजा के बाद उन्हें अब और अधिक समय जेल में काटना होगा।



इससे सू की की 'नेशनल लीग फार डेमोक्रेसी पार्टी' का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है। सेना ने देश में 2023 में नए सिरे से चुनाव कराने की घोषणा की है। सू की की पूर्व सरकार के दो वरिष्ठ सदस्यों को भी मामले में तीन साल की जेल की सजा सुनाई गई है। गौरतलब है कि एक फरवरी 2021 को म्यांमा की सेना ने देश की बागडोर अपने हाथ में ले ली थी और सू की तथा म्यांमा के कई बड़े नेताओं को हिरासत में ले लिया था। सू की की पार्टी ने पिछले आम चुनाव में भारी जीत हासिल की थी, लेकिन सेना का कहना है कि चुनाव में व्यापक पैमाने पर धांधली हुई।

आज श्रीलंका लौटेंगे गोटबाया

कोलंबो, 2 सितंबर (भाषा)।

श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे शनिवार तड़के थाईलैंड से स्वदेश लौटेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को इस बात की पुष्टि की। राजपक्षे श्रीलंका में अभूतपूर्व आर्थिक संकट के बीच उनके तत्काल इस्तीफे की मांग को लेकर महीनों से जारी विरोध-प्रदर्शनों के नौ जुलाई को हिंसक रूप अख्तियार करने के बाद 13 जुलाई को देश छोड़कर भाग गए थे। उस समय प्रदर्शनकारियों ने कोलंबो में राष्ट्रपति आवास सहित कई अन्य सरकारी इमारतों पर धावा बोल दिया था।



आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राजपक्षे शनिवार सुबह श्रीलंका लौटेंगे। हालांकि, उनकी उड़ान के बारे में अभी कोई जानकारी हासिल नहीं हो सकी है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि वह कोलंबो के पूर्वी उपनगर मिरिहाना स्थित अपने निजी आवास में ठहरेंगे या नहीं। राजपक्षे पहले श्रीलंका वायुसेना के विमान के जरिए कोलंबो से मालदीव भागे थे। मालदीव से वह सिंगापुर रवाना हुए थे, जहां से उन्होंने 14 जुलाई को अपना इस्तीफा भेजा था।

अर्जेंटीना की उपराष्ट्रपति की हत्या की कोशिश नाकाम

हमलावर ने तान दी थी पिस्तौल, लेकिन चली नहीं

ब्यूनस आयर्स, 2 सितंबर (एपी)।

अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज ने बताया कि देश की उपराष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज के घर के बाहर उनकी हत्या करने की कोशिश की गई। एक हमलावर ने उन पर पिस्तौल तान दी थी, लेकिन वह चली नहीं।

अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार रात हुई घटना के तुरंत बाद संदिग्ध हमलावर को पकड़ लिया गया। राष्ट्रपति ने घटना के बाद एक राष्ट्रीय प्रसारक से कहा कि एक व्यक्ति ने उनके सिर पर (गुरुवार रात) हथियार ताना। उन्होंने कहा कि गोली नहीं चली, जबकि उसने ट्रिगर खींच दिया था। उपराष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज 2007 से 2015 तक देश की राष्ट्रपति भी रह चुकी हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि उपराष्ट्रपति को कोई चोट नहीं आई है। संदिग्ध हमलावर उनके समर्थकों के बीच खड़ा था, जिसे घटना के तुरंत बाद पकड़ लिया गया। मौके पर मौजूद जिना दे बई ने बताया कि उन्होंने ट्रिगर खींचने की आवाज सुनी थी। उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों के संदिग्ध को पकड़ने तक उन्हें एहसास नहीं हुआ था कि वह किसी हथियार की आवाज है। राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज ने इसे 1983 में देश में लोकतंत्र बहाल होने के बाद की अभी तक की सबसे गंभीर घटना बताया। घटना ऐसे समय में हुई है, जब उपराष्ट्रपति के खिलाफ उनके 2007-2015 के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार के कथित कृत्यों के संबंध में मुकदमे चल रहे हैं।

स्थानीय टेलीविजन चैनल पर प्रसारित घटनास्थल के वीडियो में फर्नांडीज अपने घर के बाहर समर्थकों से घिरे अपने वाहन से बाहर निकलती दिख रहीं है। तभी एक व्यक्ति पिस्तौल जैसी दिखने वाली कोई एक वस्तु लिए नजर आ रहा है। हालांकि, उपराष्ट्रपति वहां से निकलने में कामयाब रहीं। वीडियो में मौके पर मौजूद उपराष्ट्रपति के समर्थक भी स्तब्ध नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित असत्यापित वीडियो में हथियार फर्नांडीज के चेहरे को लगभग छूता नजर आ रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि हमलावर की पहचान ब्राजील के नागरिक फर्नांडो आंद्रे सबाग मोंटिएल के तौर पर हुई है। उसका कोई आपराधिक रेकार्ड नहीं है। उसके पास .32-कैलिबर बर्सा पिस्तौल थी। राष्ट्रपति ने उपराष्ट्रपति के साथ एकजुटता व्यक्त करने और लोगों को इस घटना से उबरने का समय देने के लिए शुक्रवार को छुट्टी की घोषणा की है। गौरतलब है कि एक अभियोजक ने पिछले सप्ताह सार्वजनिक कार्यों में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में फर्नांडीज को 12 साल की सजा देने की मांग की थी, जिसके बाद से उपराष्ट्रपति के समर्थक उनके साथ एकजुटता दिखाने के लिए उनके घर के आसपास सड़कों पर जमा होते रहे हैं। सरकार के अधिकारियों ने इस घटना को हत्या का प्रयास बताया है।

वित्त मंत्री सर्जियो मास्सा ने कहा कि जब विचारों पर नफरत व हिंसा थोपी जाती है, तो समाज बर्बाद हो जाते हैं और आज जैसी स्थिति उत्पन्न होती है। यह हत्या का प्रयास है। राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज की सरकार में मंत्रियों ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वे उपराष्ट्रपति की हत्या के प्रयास की कड़ी निंदा करते हैं।



उपराष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज के सिर पर पिस्तौल ताने हुए हमलावर (घेरे में)।

शुभेंदु की फरियाद सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

ममता बनर्जी की तरफ से कलकत्ता हाईकोर्ट में दायर चुनाव याचिका को दूसरे हाईकोर्ट में भेजने की मांग वाली भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कहा कि वह उच्च न्यायालयों के इस विकल्प की अनुमति नहीं दे सकती। जिस उच्च न्यायालय का अधिकार क्षेत्र है, मामले की सुनवाई वहीं होगी।

पीठ ने अधिकारी को चुनाव याचिकाकर्ता के मुकदमे की अध्यक्षता करने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से संपर्क करने की स्वतंत्रता दे दी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि याचिका को स्थानांतरित करने से संदेश जाएगा कि सुप्रीम कोर्ट कलकत्ता उच्च न्यायालय में विश्वास की कमी जता रहा है। हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने माना कि उच्च न्यायालय को उनके अधिकार क्षेत्र के मुकदमे पर नियंत्रण रखने में सक्षम होना चाहिए।

अधिकारी ने वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे के माध्यम से पीठ को अपनी दुर्दशा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कलकत्ता में चुनावी याचिका की सुनवाई के लिए माहौल अनुकूल नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने खुद एक पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि क्योंकि उन्होंने न्यायाधीशों की नियुक्ति में से एक का विरोध किया था, इसलिए उन्हें एक संबंधित मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लेना चाहिए। जिन न्यायाधीशों ने अधिकारी के अनुकूल राहत प्रदान की है, उन्हें राज्य प्रशासन का कोप भुगतना पड़ा है। उन्होंने कहा कि एक न्यायाधीश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिन्होंने पश्चिम बंगाल में वर्तमान सरकार के प्रतिकूल आदेश पारित किए हैं। वहां जो हो रहा है, वह चिंताजनक है। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के साथ-साथ अन्य न्यायाधीशों के पास यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त शक्तियां हैं कि चुनाव याचिका पर सुनवाई के दौरान अनुकूल माहौल बनाए रखा जाए। उनके कंधे इससे निपटने के लिए काफी चौड़े हैं। साल्वे ने जवाब दिया कि उन्होंने न्यायाधीशों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा नहीं खटखटाया है।



पीठ ने अधिकारी को चुनाव याचिकाकर्ता के मुकदमे की अध्यक्षता करने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से संपर्क करने की स्वतंत्रता दे दी।



इंतजार हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती संसद की 62वीं स्थापना वर्षगांठ पर प्रस्तुति देने की प्रतीक्षा में तिब्बती बच्चे।

सत्ता में आए तो एमएसपी पर खरीदेंगे फसलें : केजरीवाल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुजरात में उनकी सरकार बनने पर किसानों की पांच फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने का वादा किया है।



उन्होंने कहा कि अगले साल से अगर बाजार में गेहूं, चावल, कपास, चना व मूंगफली के दाम एमएसपी से कम रहे तो सरकार इन पांच फसलों को एमएसपी पर खरीदेगी। वे शुक्रवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचे थे और एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गुजरात में सरकार बनने पर दिल्ली की तर्ज पर गुजरात में भी फसल बर्बाद होने पर 20 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से किसानों को मुआवजा देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि हर बार सरकार फसल की एमएसपी जारी तो कर देती है, लेकिन बाजार में कोई एमएसपी पर फसल खरीदता नहीं है। अगर कोई किसान एमएसपी पर अपनी फसल बेचना चाहता है, तो सरकार उसकी फसल खरीदेगी। वो सीधे सरकार को एमएसपी पर अपनी फसल भेज सकता है। अगले साल से अगर बाजार में पांचों फसलों का दाम एमएसपी से कम मिल रहा है।

रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए विकसित होंगे 'माडल विद्यार्थी क्लब'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) देश के तकनीकी शिक्षा संस्थानों के विद्यार्थियों में रुचि, रचनात्मकता एवं नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने की योजना (स्पाइसेज) के तहत 'विद्यार्थी क्लबों' को 'माडल क्लब' के रूप में विकसित करेगी।

इसके तहत विविध प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के कार्यों, रुचियों, कल्पनाशक्ति, नवाचार एवं नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दिया जाएगा। परिषद के एक अधिकारी ने बताया कि इसके तहत एआइसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थान से एक मौजूदा विद्यार्थी क्लब को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए आनलाइन प्रस्ताव मांगा गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत विद्यार्थी क्लबों को माडल क्लब में विकसित करने के लिए एक लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी। संस्थान इसके लिए 30 सितंबर, 2022 तक आवेदन कर सकते हैं।

एआइसीटीई ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यार्थी क्लबों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसी साल विद्यार्थियों में रुचि, रचनात्मकता एवं नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने की योजना (स्पाइसेज) बनाई थी। योजना के तहत सहायता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी क्लबों को संस्थान के अन्य क्लबों के लिए माडल के रूप में काम करना चाहिए। योजना के मसौदे के अनुसार इसके तहत एआइसीटीई ऐसे संस्थानों के प्रस्तावों को मंजूरी देगी, जिनकी स्थापना के कम से कम पांच साल पूरे हो गए हों। एक संस्थान से क्लब के लिए एक प्रस्ताव को स्वीकार किया जाएगा, जिनमें कम से कम 50 विद्यार्थी सदस्य हों। संस्थान को भी क्लब के लिए एक लाख रुपए का योगदान देना होगा। इसमें कहा गया है कि क्लब का अपना वेबपेज होना चाहिए, जिसमें उसकी विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई हो। इस उद्देश्य के लिए एक संयोजक बनाया जाएगा, जो पूर्णकालिक शिक्षक होगा और उसे कम से कम 10 सालों का शिक्षण अनुभव होना चाहिए।

पूर्वानुमान युवा आबादी में 2011 से गिरावट से नामांकन में आ रही कमी : एनसीईआरटी

स्कूलों में नामांकन में आएगी गिरावट

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के एक अध्ययन में यह पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है कि 2011 से शुरू होकर 2025 तक स्कूलों में विद्यार्थियों के सकल नामांकन में 14 फीसद से अधिक गिरावट आएगी। वहीं, लड़कों की तुलना में लड़कियों के दाखिले में दो फीसद कमी आएगी। एनसीईआरटी के शैक्षणिक सर्वेक्षण प्रकोष्ठ (ईएसडी) के अध्ययन में कहा गया है कि 5-10 साल के दौरान अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के दाखिले में कोई बदलाव नहीं आएगा, जबकि 2023-24 के बाद अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का दाखिला स्थिर हो जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि दाखिला आबादी से जुड़ा होता है,



ऐसे में 6-11, 11-14 और 14-16 साल के आयु वर्ग के बच्चों की आबादी में गिरावट का प्रभाव हर वर्ग में दाखिले पर दिखाई देता है।

'2025 तक स्कूलों में दाखिले का पूर्वानुमान एवं लक्षण' शीर्षक से रिपोर्ट में एनसीईआरटी द्वारा कराए गए राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) और शिक्षा पर एकीकृत जिला सूचना प्रणाली के आंकड़ों को लिया गया है। अध्ययन में 21 राज्यों के एनएएस रिपोर्ट पर विचार किया गया है और 2011 के बाद से आबादी को ध्यान में रखा गया है। इसमें कहा गया है कि पूर्वोत्तर राज्यों में आंकड़ों में काफी उतार चढ़ाव देखा गया है और कुछ आंकड़े भी उपलब्ध नहीं थे। 2011 तक प्रारंभिक शिक्षा के स्तर तक नामांकन ऊपर की ओर गया, लेकिन 2011 के बाद से दाखिले में गिरावट आई और यह 2025 तक तक जारी रहेगा। इसमें कहा गया है कि 2011 से 2025 तक नामांकन में गिरावट की दर 14.37 फीसद रहेगी और इसमें लड़कों के दाखिले में 13.28 फीसद और लड़कियों के दाखिले में 15.54 फीसद गिरावट आएगी। उच्च प्राथमिक स्तर पर लड़के एवं लड़कियों के नामांकन में गिरावट 2016 से शुरू हुई और सकल नामांकन गिरावट 9.47 फीसद रही। इसमें लड़कों के दाखिले में 8.07 फीसद और लड़कियों के नामांकन में 10.94 फीसद गिरावट आई।

'नवजात की मृत्यु पर महिला कर्मी को 60 दिन का विशेष अवकाश'

नई दिल्ली, 2 सितंबर (भाषा)।

केंद्र सरकार की सभी महिला कर्मचारियों को प्रसव के तुरंत बाद नवजात शिशु की मृत्यु होने की स्थिति में 60 दिनों का विशेष मातृत्व अवकाश दिया जाएगा। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया गया।

आदेश में कहा गया है कि मृत शिशु पैदा होने या जन्म के तुरंत बाद नवजात शिशु की मृत्यु से मां को पहुंचने वाली भावनात्मक चोट को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है क्योंकि ऐसी घटनाओं का मां के जीवन पर बहुत गहरा प्रभव पड़ता है। डीओपीटी ने बताया कि मृत शिशु पैदा होने या जन्म के तुरंत बाद उसकी मृत्यु होने पर अवकाश/मातृत्व अवकाश के संबंध में स्पष्टीकरण का अनुरोध करने वाले कई आवेदन उसे मिले हैं। विभाग ने आदेश में कहा, 'स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ इस मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया है। मृत नवजात शिशु के जन्म या प्रसव के तुरंत बाद उसकी मौत से पहुंचने वाले सदमे को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की महिला कर्मचारियों को ऐसी स्थिति में 60 दिनों का विशेष मातृत्व अवकाश देने का फैसला लिया गया है।' डीओपीटी ने अपने आदेश में कहा है, अगर केंद्र सरकार की महिला कर्मचारी पहले ही मातृत्व अवकाश ले चुकी है और मृत शिशु पैदा होने या शिशु की मृत्यु होने तक उसका अवकाश जारी है तो, ऐसा होने की तारीख तक कर्मचारी द्वारा लिए गए अवकाश को उसके पास मौजूद अन्य किसी अवकाश में तब्दील किया जा सकता है, जिसमें किसी प्रकार के मेडिकल प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

खबर कोना



चेक गणराज्य के प्राग में यूरोबास्केट ग्रुप डी बास्केटबाल मैच के दौरान फिनलैंड के खिलाफ इजराइल के जेक कोहेन चुनौती देते हुए।

जडेजा चोट के कारण एशिया कप से बाहर, अक्षर लेंगे जगह

दुबई, 2 सितंबर (भाषा)।

भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा घुटने की चोट के कारण शुक्रवार को एशिया कप के बचे हुए मैचों से बाहर हो गए और टीम में उनकी जगह अक्षर पटेल लेंगे। जडेजा ने भारत की टूर्नामेंट के शुरूआती मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बीसीसीआइ ने एक बयान में कहा, 'अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने मौजूदा एशिया कप में रविंद्र जडेजा की जगह अक्षर पटेल को चुना है।' इसके अनुसार, 'रविंद्र जडेजा को दाएं पैर के घुटने में चोट लगी है और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वह इस समय बीसीसीआइ की चिकित्सा टीम की देखरेख में हैं।' बयान में कहा गया, 'अक्षर पटेल को टीम में 'स्टैंडबाय' खिलाड़ियों में चुना गया था, वह जल्द ही दुबई में टीम से जुड़ेंगे।'

मैनचेस्टर यूनाइटेड की प्रीमियर लीग में लगातार तीसरी जीत

लीस्टर, 2 सितंबर (एपी)।

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लीस्टर सिटी को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल प्रतियोगिता में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। यूनाइटेड के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो फिर से मैच के आखिरी क्षणों में ही मैदान पर उतरे। जादौन सांचो के 23वें मिनट में किए गए गोल से यूनाइटेड ने बढ़त बनाई और आखिर तक उसे बरकरार रखा। यूनाइटेड ने इससे पहले लिवरपूल और साउथम्पटन को हराया था। रोनाल्डो ने 68वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और उन्होंने इसके बाद अपनी जीवंत छाप छोड़ी। उनका बाईसिकिल किक से लगाया गया एक शाट मामूली अंतर से गोल में जाने से रह गया था। कर अपने करियर का दूसरा डब्ल्यूटीए खिताब जीता।

राष्ट्रमंडल खेल में नहीं खेल पाना निराशाजनक : नवजोत

बंगलुरु, 2 सितंबर (भाषा)।

भारतीय महिला हाकी टीम की मिडफील्डर नवजोत कौर ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेल जैसी बड़ी खेल प्रतियोगिता में नहीं खेल पाना निराशाजनक था। वह कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण इस प्रतियोगिता में नहीं खेल पाई थी। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी बर्मिंघम पहुंचने पर कोविड-19 से संक्रमित पाई गई थी और उन्हें स्वदेश लौटना पड़ा था। भारत की तरफ से 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी नवजोत ने यहां राष्ट्रीय शिविर से इतर कहा, ' इस तरह से टीम को छोड़ना बेहद निराशाजनक था। इसे स्वीकार करना मेरे लिए बहुत मुश्किल था।' उन्होंने कहा, 'मैं इससे पहले कभी किसी बड़े टूर्नामेंट में खेलने से नहीं चूकी थी इसलिए पहली बार अपने करिअर में इस तरह की परिस्थिति से पार पाना मेरे लिए आसान नहीं था।'

कल्याण ने भूटिया को हराया, पहले खिलाड़ी जो बने अध्यक्ष

नई दिल्ली, 2 सितंबर (भाषा)।

अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआइएफएफ) को अपने 85 साल के इतिहास में शुक्रवार को पहली बार कल्याण चौबे के रूप में पहला ऐसा अध्यक्ष मिला जो पूर्व में खिलाड़ी रह चुके हैं। चौबे ने अध्यक्ष पद के चुनाव में पूर्व दिग्गज फुटबालर बाइचुंग भूटिया को हराया।

सिक्किम के रहने वाले 45 वर्षीय भूटिया का नामांकन पत्र भरते समय उनके राज्य संघ का प्रतिनिधि भी प्रस्तावक या अनुमोदक नहीं बना था। पिछले लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल के कृष्णनगर सीट से हारने वाले भाजपा के राजनीतिज्ञ चौबे कभी भारतीय सीनियर टीम से नहीं खेले हालांकि वह कुछ अवसरों पर टीम का हिस्सा रहे थे। उन्होंने हालांकि आयु वर्ग के टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के लिए गोलकीपर के रूप में खेले हैं। भूटिया और चौबे एक समय ईस्ट बंगाल में साथी खिलाड़ी थे।

कर्नाटक फुटबाल संघ के अध्यक्ष और कांग्रेस के विधायक एनए हारिस ने उपाध्यक्ष के एकमात्र पद पर जीत दर्ज की। उन्होंने राजस्थान फुटबाल संघ के मानवेंद्र सिंह को 29-5 से हराया। अरुणाचल प्रदेश के किपा अजय ने आंध्र प्रदेश के गोपालकृष्णा कोसाराजू को 32-1 से हराकर कोषाध्यक्ष पद हासिल किया। कोसाराजू ने अध्यक्ष पद के लिए भूटिया के नाम का प्रस्ताव रखा था जबकि मानवेंद्र ने उसका समर्थन किया था। कार्यकारिणी के 14 सदस्यों के लिए इतने ही उम्मीदवारों ने नामांकन भरा था और उन्हें निर्विरोध चुना गया।

एआइएफएफ के चुनाव के साथ ही भारतीय फुटबाल में पिछले कुछ महीनों में चले नाटकीय घटनाक्रम का भी पटाक्षेप हो गया। इस दौरान भारतीय फुटबाल ने दिसंबर 2020 में चुनाव न कराने के कारण पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को बर्खास्त होते हुए देखा। इसके बाद प्रशासकों की समिति गठित की गई जिसे बाद में उच्चतम न्यायालय ने बर्खास्त कर दिया था। विश्व फुटबाल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने 'तीसरे पक्ष के अनुचित प्रभाव' का हवाला देकर इस बीच भारत को निलंबित भी कर दिया था।

नई कार्यकारी समिति में जीपी पालगुना, अविजीत पाल, पी अनिलकुमार, वलंका नताशा अलेमाओ, मालोजी राजे छत्रपति, मेनला एथेनपा, मोहन लाल, आरिफ अली, के नीबौ सेखोज, लालनघिंग्लोवा हमर, दीपक शर्मा, विजय बाली और सैयद इम्तियाज हुसैन शामिल हैं।

अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआइएफएफ)



मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के पूर्व गोलकीपर 45 वर्षीय चौबे ने 33-1 से जीत दर्ज की। उनकी जीत पहले ही तय लग रही थी क्योंकि पूर्व कप्तान भूटिया को राज्य संघों के प्रतिनिधियों के 34 सदस्यीय निर्वाचक मंडल में बहुत अधिक समर्थन हासिल नहीं था।

भूटिया ने चुनाव के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा, ' मैं भारतीय फुटबाल की बेहतरी के लिए भविष्य में भी काम करता रहूंगा। कल्याण को बधाई। मुझे उम्मीद है कि वह भारतीय फुटबाल को आगे लेकर जाएंगे।' उन्होंने कहा,'भारतीय फुटबाल प्रशंसकों का आभार जिन्होंने मेरा समर्थन किया। मैं चुनाव से पहले भी भारतीय फुटबाल के लिए काम कर रहा था और आगे भी इसे जारी रखूंगा। हां मैं कार्यकारी समिति का सदस्य हूं।'



मुकाबला

स्पेन के राफेल नडाल यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दौर के दौरान इटली के फैबियो फोगनिनी को शाट रिटर्न करते हुए।

'केंद्रीय मंत्री ने चुनाव के नतीजों को प्रभावित किया'

नई दिल्ली, 2 सितंबर (भाषा)।

राजस्थान फुटबाल संघ प्रमुख और कांग्रेस नेता मानवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू ने अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआइएफएफ) के चुनावों के नतीजे को 'प्रभावित' किया। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में महान भारतीय फुटबालर बाईचुंग भूटिया को पश्चिम बंगाल से भाजपा नेता और ईस्ट बंगाल के पूर्व साथी कल्याण चौबे से 1-33 से करारी हार झेलनी पड़ी।

राजस्थान के पूर्व सांसद सिंह ने पत्रकारों से कहा, 'चुनाव प्रक्रिया के दौरान हस्तक्षेप जारी रहा और बीती रात केंद्रीय मंत्री (रिजीजू) ने संघ के सदस्यों पर दबाव बनाया कि उन्हें बाईचुंग के लिए वोट नहीं करना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह हस्तक्षेप अस्वीकार्य है और भारतीय फुटबाल के लिए नुकसानदायक है। फुटबाल तो पहले ही परेशानी में घिरी है और अब यह परेशानी और ज्यादा बढ़ जाएगी।'

एआइएफएफ



कांग्रेस नेता मानवेंद्र सिंह ने दावा किया कि केंद्रीय कानून मंत्री रिजीजू ने चुनाव की पूर्व संध्या पर राज्य संघ सदस्यों के होटल जाकर उन्हें भूटिया के खिलाफ वोट देने का दबाव बनाया।

जापान ओपन : कड़ी चुनौती पेश करने के बाद क्वार्टर फाइनल में हारे प्रणय

ओसाका, 2 सितंबर (भाषा)।

एचएस प्रणय को शुक्रवार को यहां विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के चाउ तिएन चेन से तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इससे जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। इस 30 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने आखिर तक हार नहीं मानी लेकिन चाउ ने भी किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती और एक घंटा 20 मिनट तक चले इस मैच में 21-17, 15-21, 22-20 से जीत दर्ज की। बाकी खिलाड़ियों के जल्दी बाहर होने के बाद भारत की उम्मीदें प्रणय पर ही टिकी थी।

पिछले कुछ समय से निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की और तीसरे व निर्णायक गेम में भी आखिरी क्षणों तक खुद को मुकाबले में बनाए रखा। इस मैच से पहले पिछले दो मैचों में चाउ पर जीत दर्ज करने वाले प्रणय ने पहले गेम में शुरू से दबदबा बना दिया था और एक समय वह 12-8 से बढ़त पर थे। चाउ ने हालांकि प्रणय की गलतियों का फायदा उठाया और जल्द ही 15-14 से आगे हो गए।

सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट

निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की और तीसरे व निर्णायक गेम में भी आखिरी क्षणों तक खुद को मुकाबले में



बनाए रखा। इस मैच से पहले पिछले दो मैचों में चाउ पर जीत दर्ज करने वाले प्रणय ने पहले गेम में शुरू से दबाव बना दिया था।

राफेल नडाल ने की शानदार वापसी, स्वियातेक भी जीतीं

न्यूयार्क, 2 सितंबर (एपी)।

राफेल नडाल पहला सेट गंवाने और गलती से अपनी नाक को चोट पहुंचाने के बावजूद यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहे जबकि महिलाओं में दो बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक ने आसान जीत दर्ज की। बाईस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल ने फैबियो फोगनिनी पर 2-6, 6-4, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। इस बीच चौथे सेट में गलती से वह अपने ही रैकेट से नाक पर चोट लगा बैठे जिससे उनकी नाक से खून बहने लग गया था।

स्वियातेक ने 2017 की यूएस ओपन विजेता स्लोएन स्टीफंस को दूसरे दौर में 6-3, 6-2 से हराकर इस सत्र में अपनी डब्लूटीए टूर की 50वीं जीत दर्ज की। महिला वर्ग में पिछले साल से फाइनल में पहुंचने वाली चार खिलाड़ियों में से अब केवल छठी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ही टूर्नामेंट में बनी हुई हैं। उन्होंने दूसरे सेट में 5< ु> —< ु> 1 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके काया कानेपी को 2-6, 7-6 (8), 6-4 से हराया।

यूएस ओपन टेनिस

लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को क्रोएशियाई पेट्रा मार्टिच से 6-7 (5), 6-1, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला वर्ग में गुरुवार को जिन अन्य खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की उनमें जेसिका पेगुला, गार्बिने मुगुरुजा, बेलिंडा बेनसिच और विक्टोरिया अजारेंका शामिल हैं।

विजय विश्व चैंपियनशिप के लिए भारत की 48 सदस्यीय टीम में

नई दिल्ली, 2 सितंबर (भाषा)।

ओलंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार को आगामी आइएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय निशानेबाजी टीम में चुना गया। वह लंदन ओलंपिक खेलों में पोडियम स्थान हासिल करने के बाद अपने पहले बड़े टूर्नामेंट में खेलेंगे। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआइ) ने मिस्र के काहिरा में 12 से 25 अक्तूबर तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए 48 सदस्यीय भारतीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा की।

निशानेबाजी

लंदन ओलंपिक में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल रजत पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज ने इस साल राष्ट्रीय टीम में वापसी की थी। उन्होंने कंधे की गंभीर चोट के कारण ब्रेक लिया था। शिमला में हिमाचल प्रदेश पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में तैनात पुलिस उपाधीक्षक विजय ने पांच साल के अंतराल बाद प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी में वापसी की थी। पांच बार के राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता विजय 2017 में सेना छोड़कर हिमाचल प्रदेश पुलिस से जुड़ गए थे। क्रोएशिया के ओसिजेक में 19 सितंबर से शुरू हो रही शाटगन विश्व चैंपियनशिप के लिए 24 सदस्यीय टीम पहले ही घोषित हो चुकी है।

मौजूदा टीम में कई निशानेबाज पहली बार विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे जिसमें विजय और अंजुम मोदगिल (विश्व चैंपियनशिप की पूर्व पदक विजेता) अनुभव लेकर आएंगे।

बीसीसीआइ ने पिछले साल ई-नीलामी में खरीदा था नीरज चोपड़ा का भाला

नई दिल्ली, 2 सितंबर (भाषा)।

पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्मृति चिन्हों के संग्रह की जब ई नीलामी हुई थी तब ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा का भाला बीसीसीआइ ने डेढ करोड़ रुपए में खरीदा था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी । चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक से लौटने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निवास पर उनसे मुलाकात में उन्हें अपना भाला उपहार में दिया था। इस भाले समेत कई चीजों की ई नीलामी की गई जिनसे मिली रकम 'नमामि गंगे कार्यक्रम ' को गई । यह नीलामी सितंबर-अक्तूबर 2021 में हुई थी।

बीसीसीआइ के एक अधिकारी ने कहा, 'बीसीसीआइ ने नीरज के भाले पर बोली लगाई थी। इसके अलावा भी कुछ और वस्तुओं पर बोली लगाई । नमामि गंगे एक नेक काम है और बोर्ड के पदाधिकारियों को लगा कि देश के प्रमुख खेल संगठनों में से एक होने के नाते यह देश के प्रति हमारा कर्तव्य है ।' बीसीसीआइ ने कोरोना महामारी के दौरान भी 'पीएम केयर्स फंड' में 51 करोड़ रूपए दिए थे।



बोर्ड ने चोपड़ा के भाले के अलावा भारतीय पैरालम्पिक दल के हस्ताक्षर वाला अंगवस्त्र भी एक करोड़ रुपए में खरीदा था। चोपड़ा का भाला ई नीलामी में सबसे महंगा बिका जबकि भवानी देवी की तलवार सवा करोड़ रूपए में और पैरालम्पिक चैंपियन सुमित अंतिल का भाला एक करोड़ 20 हजार रुपए में बिका। लवलीना बोरगोहेन के मुक्केबाजी दस्ताने 91 लाख रूपए में बिके । ई नीलामी में 1348 स्मृति चिन्ह बिके जिनमें खेलों से जुड़े सामान भी थे।

विलियम्स बहनों की जोड़ी हारी | **टेनिस** | **दर्शकों ने खड़े होकर किया अभिवादन**

महिला युगल के पहले दौर में हारीं सेरेना और वीनस

न्यूयार्क, 2 सितंबर (एपी)।

सेरेना और वीनस विलियम्स साढे चार साल बाद जब कोर्ट पर एक साथ उतरी तो उन्होंने हर पल का भरपूर लुत्फ उठाया लेकिन विश्व टेनिस की मशहूर विलियम्स बहनों की जोड़ी को यूएस ओपन के महिला युगल के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

विलियम्स बहनों को फ्लशिंग मीडोज में लूसी हेराडेका और लिंडा नोस्कोवा की चेक गणराज्य की जोड़ी ने 7-6 (5), 6-4 से हराया। वीनस और सेरेना जब कोर्ट से बाहर निकल रही थी तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। उनकी प्रतिद्वंदी भी उनका सामना करके अभिभूत थी।

ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही 17 वर्षीय नोस्कोवा ने कहा, 'जब मुझे पता चला कि हमें उन दोनों का सामना करना है तो मैं अवाक रह गई। मेरे कहने का मतलब है कि वे दोनों दिग्गज है और मैं हमेशा उनकी विशेषकर सेरेना की प्रशंसक रही हूं। वह शुरू से मेरी आदर्श रही हैं।' उनकी साथी हेराडेका ने कहा, 'मुझे अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि हमने उन पर जीत दर्ज की है। मुझे अफसोस है कि हमने उन्हें हराया है लेकिन मैं बहुत खुश भी हूं कि हमने ऐसा किया।' आर्थर ऐस स्टेडियम में इससे पहले महिला या पुरुष वर्ग में पहले दौर के युगल मैच कभी नहीं खेले गए थे लेकिन एक ही परिवार की इन दो सदस्यों के लिए यूएस ओपन के आयोजकों ने अपने नियम भी बदल दिए और दर्शकों ने भी इस मैच का भरपूर आनंद लिया। वीनस और सेरेना ने मिलकर युगल में 14 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।

विलियम्स बहनों ने मैच के बाद इंटरव्यू नहीं दिया। उन्होंने इससे पहले आखिरी बार फ्रेंच ओपन 2018 में जोड़ी बनाई थी। यह चौथा अवसर है जबकि किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के महिला युगल में उन्हें पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले 2013 में फ्रेंच ओपन में वे पहले दौर में बाहर हो गई थी।

विलियम्स बहनों ने इससे पहले आखिरी बार फ्रेंच ओपन 2018 में जोड़ी बनाई थी। यह चौथा अवसर है जबकि किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के महिला युगल में उन्हें पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।





रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. UPHIN/2007/21637, वर्ष 16 अंक 110
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा प्रकाशित और मुद्रित। दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड प्रेस, सी-26, अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित और 1/8, विवेक खंड, गोमती नगर, लखनऊ से प्रकाशित। फोनः (0522) 2391233, ई-मेलः jansatta.noi@expressindia.com, फैक्सः (0522) 2391302,
बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक : मुकेश भारद्वाज* *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।